मेरे बांके बिहारी लाल नज़र तोहे लग जाएगी

मेरे बाँके बिहारी लाल,
नज़र तोहे लग जाएगी ॥
*मेरे प्यारे, नज़र तोहे लग जाएगी ।
*साँवरिया, नज़र तोहे लग जाएगी ।
ओ गोकुल के नंद लाल,
नज़र तोहे लग जाएगी,,,
मेरे बाँके बिहारी,,,,,,,,,,

मोर पख्खा, तेरे सर पे सोहे ॥
*तेरे, सर पे सोहे ॥
मोर पख्खा, तेरे सर पे सोहे ।
और ग़ल, वैजयंती माल,
नज़र तोहे लग जाएगी,,,
मेरे बाँके बिहारी,,,,,,,,,,F

काँधे पे, कामरिया सोहे ॥
*कामरिया सोहे ॥
काँधे पे, कामरिया सोहे ।
तेरे संग में, गईयाँ ग्वाल,
नज़र तोहे लग जाएगी,,,
मेरे बाँके बिहारी,,,,,,,,,,F

पाँवन में, पैज़नियाँ वाजे ॥
*पैज़नियाँ वाजे ॥
पाँवन में, पैज़नियाँ वाजे ।
ओ नाचे, दे दे ताल,
नज़र तोहे लग जाएगी,,,
मेरे बाँके बिहारी,,,,,,,,,,F

हम सब तेरे, द्वारे आए ॥
*तेरे, द्वारे आए ॥
हम सब तेरे, द्वारे आए ।
पागल पे, हो जा दयाल,
नज़र तोहे लग जाएगी,,,
मेरे बाँके बिहारी,,,,,,,,,,F

शीश पख्खी, पगिया झणकारी ॥
*पगिया झणकारी ॥
शीश पख्खी, पगिया झणकारी ।
आँखों में, डोरे लाल,
नज़र तोहे लग जाएगी,,,
मेरे बाँके बिहारी,,,,,,,,,,F

मस्त वाजे, तेरी बाँसुरिया ॥
*तेरी बाँसुरिया ॥
मस्त वाजे, तेरी बाँसुरिया ।
ओ तेरी, लकुटी करे कमाल,
नज़र तोहे लग जाएगी,,,
मेरे बाँके बिहारी,,,,,,,,,,,F

गज़ब करे तेरी, कारी कमरिया ॥
*तेरी, कारी कमरिया ॥
गज़ब करे तेरी, कारी कमरिया ।
ओ तेरी, टेड़ी मेढ़ी चाल,
नज़र तोहे लग जाएगी,,,
मेरे बाँके बिहारी,,,,,,,,,,,F
अपलोडर- अनिलरामूर्तिभोपाल

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/22208/title/mere-banke-bihari-lal-najar-tohe-lag-jayegi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |